## खबर संक्षेप

### कामता पाण्डेय को मिली डॉक्टरेट की उपाधि



शहडोल। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, और जब संकल्प के साथ परिश्रम जुड़ जाए तो सफलता कदम चूमती है। स्थानीय घरौला मोहल्ला निवासी और राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व दलनायक कामता पाण्डेय ने विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए बायोटेक्नोलॉजी (जैव-प्रौद्योगिकी) विषय में पीएचडी (डॉक्टरेट) की उपाधि प्राप्त की है। कामता पाण्डेय सुपुत्र प्रेमलाल पाण्डेय एवं श्रीमती गीता पाण्डेय ने अपनी इस शैक्षणिक सफलता का श्रेय मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डॉ. भरतशरण सिंह की प्रेरणा को दिया है। उन्होंने अपना यह शोध कार्य स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर से डॉ. मनीष के. अग्रवाल के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया। उनके शोध का मुख्य विषय सेल्यूलोज आधारित उत्पादों के लिए प्रभावी जैव-परिवर्तन रणनीतियों के माध्यम से औद्योगिक महत्व को बढ़ाना रहा है। **शुभकामनाओं का तांता-** इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष की लहर है। श्रीमती एकता-कामता पाण्डेय सहित परिवार के वरिष्ठ जनों एवं शुभचिंतकों ने इसे जिले के लिए गौरव बताया है। एनएसएस परिवार के डॉ. सतेंद्र सिंह चौहान, डॉ. प्रीति पाण्डेय, एड. वीरेश पाण्डेय, अनूप शर्मा और रावेंद्र सिंह सहित तमाम स्वयंसेवकों ने इसे कामता की अनवरत तपस्या का फल बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की है।

### 7200 विद्यार्थियो ने दी अंग्रेजी विषय की परीक्षा

शहडोल। जिला शिक्षा अधिकारी अमरनाथ सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित परीक्षा के प्रथम दिन कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में 7200 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी। परीक्षा हेतु जिले में 59 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि 92 विद्यार्थी अनुपस्थित रहें, कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

### रसूखदारों की अट्टालिका के नीचे दबी बैगाओं की झोपडियां!



शहडोल। भ्रष्टाचार जब व्यवस्था की रगों में लहू बनकर दौडने लगे, तो गरीब का हक छीनना महज एक फाइल का काम रह जाता है। नगर परिषद बरगवां (अमलाई) में प्रधानमंत्री आवास योजना** अब गरीबों के सिर की छत नहीं, बल्कि रसूखदारों की जागीर बनकर रह गई है। वर्षों से फूस की कच्ची छतों के नीचे जिंदगी काट रहे बैगा परिवारों ने अब प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। अपात्रों की चांदी, असली हकदार बदहाल आरोप है कि वार्ड नंबर 01, 02 और 05 में रहने वाले दर्जनों बैगा परिवार, जो पिछले 50 वर्षों से यहाँ निवास कर रहे हैं, आज भी योजना से वंचित हैं। विडंबना देखिए, वार्ड नंबर 03 में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा जमाए बैठे खास लोगों को कागजों पर भूमिहीन दिखाकर आवास योजना की रेवड़ियां बांटी जा रही हैं। यह खेल नगर परिषद के भ्रष्ट अधिकारियों और रसूखदारों की मिलीभगत का जीता-जागता प्रमाण है। पट्टा लाओ कहकर उड़ाया जा रहा मजाक जब हक मांगने गरीब बैगा दफ्तर की चौखट पर पहुंचते हैं, तो उन्हें पट्टा लेकर आओ कहकर दुत्कार दिया जाता है। पुश्तैनी जमीनों पर काबिज इन आदिवासियों के पास पट्टे न होना प्रशासन की नाकामी है, जिसका बहाना बनाकर उन्हें बेघर रखने की साजिश रची जा रही है। न्याय की आस में बैगा परिवारों ने कमिश्नर को पत्र लिखकर इस पूरे आवास घोटाले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि उनके हक पर डाका डालने वाले दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और पात्र परिवारों को छत नहीं मिली।

## ऑडियो और अकाउंट डिटेल के साथ हुई शिकायत

# साले के खाते में महाविद्यालय का लैब टेक्नीशियन लेता है रिश्वत

शासकीय महाविद्यालय गोहपारू में रिश्वतखोरी और अव्यवस्थाओं का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि आउटसोर्स लैब टेक्नीशियन श्रेयांश मिश्रा छात्रों से पास कराने और काम जल्दी कराने के नाम पर अपने रिश्तेदार के खाते में पैसे डलवाता है। छात्रों ने अकाउंट डिटेल और ऑडियो के साथ शिकायत की है, जिसके बाद एबीवीपी ने कॉलेज में उग्र प्रदर्शन किया।










शहडोल।

जिले के गोहपारू स्थित शासकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी श्रेयांश मिश्रा पर छात्रों से रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं। छात्रों का कहना है कि पास कराने, फॉर्म भरवाने और अन्य काम जल्द कराने के नाम पर उनसे पैसे मांगे जाते हैं। शिकायत में छात्रों ने स्पष्ट रूप से उस बैंक खाते की जानकारी भी दी है, जिसमें पैसे डलवाने का आरोप है। यह खाता श्रेयांश के रिश्तेदार, यानी उसके साले का बताया जा रहा है। इसके साथ ही बातचीत का एक ऑडियो भी वायरल किया गया है, जिसमें कथित रूप से श्रेयांश मिश्रा खुद अकाउंट नंबर बताते हुए पैसों के लेनदेन की बात करते सुनाई दे रहा है।

### प्राचार्य की भूमिका पर भी सवाल

छात्र-छात्राओं का आरोप है कि यह पूरा खेल कॉलेज प्राचार्य मंगल सिंह की जानकारी और संरक्षण में चल रहा है। उनका कहना है कि कॉलेज में लंबे समय से इसी तरह की अवैध वसूली होती रही है और शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। छात्रों का आरोप है कि जानबूझकर दस्तावेज रोक दिए जाते हैं और पैसे देने के बाद ही काम आगे बढ़ता है। इससे गरीब और दूर-दराज के विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है और उनका शैक्षणिक भविष्य प्रभावित हो रहा है।

### जानिए कौन है श्रेयांश

स्थानीय छात्रों के अनुसार श्रेयांश मिश्रा कुछ वर्ष पहले इसी महाविद्यालय का छात्र था। पढ़ाई के दौरान उसकी एक सहपाठी से दोस्ती हुई और बाद में दोनों ने विवाह कर लिया। इसके बाद दोनों ही आउटसोर्स कर्मचारी के रूप में कॉलेज में नियुक्त हो गए। बताया जा रहा है कि श्रेयांश का एक भाई भी इसी कॉलेज में आउटसोर्स कर्मचारी के तौर पर काम कर रहा है। आरोप है कि लैब टेक्नीशियन पद पर रहते हुए श्रेयांश पूरे कॉलेज का कंप्यूटर और प्रशासनिक काम संभालता है और खुद को प्राचार्य का खास बताता है। छात्रों का दावा है कि उस पर दर्जनों छात्रों से नगद और ऑनलाइन रिश्वत लेने के आरोप लगे हैं।

### एबीवीपी का उग्र प्रदर्शन

मामला सामने आने के बाद अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कॉलेज में उग्र प्रदर्शन किया। सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने कॉलेज का घेराव किया और प्राचार्य की कुर्सी पर लापता प्राचार्य का पोस्टर चस्पा कर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि कॉलेज में पढ़ाई की व्यवस्था चरमराई हुई है और छात्रों से अवैध वसूली की जा रही है। संगठन ने उच्च शिक्षा विभाग, कलेक्टर और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है।

### एक साथ कई शिकायतें सौंपी

एबीवीपी ने सिर्फ रिश्वत मामले को ही नहीं उठाया, बल्कि कॉलेज की अन्य अनियमितताओं को लेकर भी 11 बिंदुओं का ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से कॉलेज तक जाने के लिए पक्की सडक़, विषयवार प्राध्यापकों की नियुक्ति, नियमित कक्षाओं का संचालन, लाइब्रेरी में पुस्तकों की कमी, छात्राओं के लिए कॉमन रूम और सैनेट्री सुविधाओं की मांग शामिल है। इसके अलावा आउटसोर्स कर्मचारियों की कथित गलत तैनाती, प्रेक्टिकल और सेशनल अंकों में मनमानी, खेल सामग्री की कमी और ओडी के नाम पर अनियमितताओं जैसे मुद्दे भी उठाए गए हैं।

### रिजल्ट सुधारने के नाम पर वसूली का आरोप

ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया है कि श्रेयांश मिश्रा छात्रों से रिजल्ट सुधारने के नाम पर 2500 रुपये तक वसूलता है। एबीवीपी ने मांग की है कि ऐसे मामलों में छात्रों के पैसे वापस कराए जाएं और संबंधित कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई हो। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिनों के भीतर इन सभी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन उग्र आंदोलन करेगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। अब देखना यह है कि ऑडियो और अकाउंट डिटेल के साथ सामने आए इस मामले में जांच कब तक शुरू होती है और दोषियों पर क्या कार्रवाई होती है। फिलहाल गोहपारू महाविद्यालय की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

### इनका कहना है



मैं भी छुट्टी पर हूं, मैं कुछ नहीं बता सकता है, इस बारे में आकर ही बता पाऊंगा।

**मंगल सिंह**
**प्राचार्य, महाविद्यालय गोहपारु**

इस संदर्भ में कोई भी शिकायत अभी तक हमारे पास नहीं पहुंची है, न हीं कोई जानकारी है , मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की जाएगी।



**मुकेश तिवारी**
**प्राचार्य**
**इंदिरा गांधी गर्ल्स कॉलेज शहडोल**

## साहब! अर्जी तो ले ली, मर्जी कब चलेगी?

### जनसुनवाई में उमड़ा शिकायतों का सैलाब, व्यवस्था पर उठते सवाल



**शहडोल।** सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट-काट कर घिस चुकी चप्पलें और फाइलों में उम्मीदें दफन होती हैं, शहडोल के प्रशासनिक गलियारों में हर मंगलवार को यही मंजर नजर आता है। कलेक्ट्रेट के सोन सभागार और कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में एक बार फिर फरियादियों का हुजूम उमड़ा। दूर-दराज के गांवों से आए गरीब ग्रामीण अपनी जायज मांगों के लिए साहबों के सामने हाथ जोड़े खड़े नजर आए।

**रोटी, कपड़ा और मकान के लिए जद्दोजहद-** कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत सीईओ शिवम प्रजापति ने आवेदनों की पोटली तो थाम ली, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि क्या इन फाइलों को धूल से आजादी मिलेगी, पठरा के समनू कोल भू-अधिकार पट्टे के लिए दर-दर भटक रहे हैं, तो विचारपुर के सुदीन बैगा को अपने हक के प्रधानमंत्री आवास की राशि का इंतजार है। अजीब विडंबना है कि डिजिटल इंडिया के दौर में छत्रपाल विश्वकर्मा को बिजली कनेक्शन जुड़वाने और रमेश सोनी को एक अदद जाति प्रमाण पत्र के लिए भी जनसुनवाई की चौखट चूमनी पड़ रही है। क्या मैदानी अमला इतना नकारा हो चुका है कि छोटे-छोटे कामों के लिए भी जिला मुख्यालय तक की दौड़ लगानी पड़ रही है।

**अतिक्रमण और भ्रष्टाचार की गूंज-** संभागायुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता के सामने भी व्यवस्था की पोल खोलते मामले आए। कहीं अश्वनी सोनी अनुकंपा नियुक्ति के लिए सिस्टम से लड़ रहे हैं, तो कहीं बी.पी.तिवारी अपनी निजी जमीन पर हुए अवैध कब्जे को हटाने की गुहार लगा रहे हैं। सबसे गंभीर मामला कल्याणपुर के गुणनिधि गुप्ता का रहा, जिन्होंने नाली निर्माण के मूल्यांकन में भ्रष्टाचार की आशंका जताते हुए भुगतान रोकने की मांग की। यह स्पष्ट करता है कि पंचायतों में मूल्यांकन का खेल किस कदर जनता के पैसे की बर्बादी कर रहा है।

**दोषी अधिकारियों पर कब होगी स्ट्राइक-** जनसुनवाई में अक्सर आवेदन संबंधित विभागों को फॉरवर्ड कर दिए जाते हैं, लेकिन उन लापरवाह अधिकारियों का क्या, जिनकी वजह से जनता को यहां तक आना पड़ा, साहबों ने समय-सीमा में निराकरण के निर्देश तो दिए हैं, लेकिन जब तक निचले स्तर के अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं होगी, ये जनसुनवाई महज एक साप्ताहिक रस्म बनकर रह जाएगी।

## लेबर कोड वापसी, 26 हजार न्यूनतम वेतन और निजीकरण रोकने की प्रमुख मांगें

# 12 फरवरी को कोयला उद्योग समेत राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल

शहडोल।

देशभर में मजदूर संगठनों ने केंद्र सरकार की श्रम एवं निजीकरण नीतियों के खिलाफ 12 फरवरी, गुरुवार को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल का आह्वान किया है। इस हड़ताल में कोयला उद्योग सहित बैंक, बीमा, रेलवे, रक्षा, स्टील, ऊर्जा और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारी भी शामिल होंगे। कोयला मजदूर पंचायत (एचएमएस) के केंद्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय संगठन सचिव, हिंद खदान मजदूर फेडरेशन एवं कोल इंडिया लिमिटेड की ड्रेस कोड समिति के सदस्य विनय सिंह ने पत्र प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 लेबर कोड लागू करना मजदूर हितों के खिलाफ है, जिससे श्रमिकों की सुरक्षा और अधिकार कमजोर हुए हैं। इसी के विरोध में 10 केंद्रीय श्रम संगठनों - इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, एआईयूटीयूसी, एक्टू, टीयूटीसीसी, सेवा, एलपीएफ और यूटीयूसी सहित कई स्वतंत्र फेडरेशनों ने संयुक्त रूप से हड़ताल का निर्णय लिया है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

हड़ताल के मुख्य मुद्दों में चारों लेबर कोड की वापसी, न्यूनतम मजदूरी 26,000 रुपये प्रतिमाह, न्यूनतम पेंशन 9,000 रुपये प्रतिमाह, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बंद, समान काम का समान वेतन, ठेकेदारी, आउटसोर्सिंग और फिक्स टर्म रोजगार समाप्त करना, इसके साथ ही संयुक्त किसान मोर्चा की मांगों को लागू करने, एमएसपी की कानूनी गारंटी, खाद्य सुरक्षा की रक्षा और किसान विरोधी कानूनों की वापसी की मांग भी शामिल है।



### कोल इंडिया कर्मियों की विशेष मांगें

कोल इंडिया के कामगारों ने जेबीसीसीआई-12 का गठन, मेडिकल अनफिट योजना बहाल करने, शेयर बिक्री रोकने, कमर्शियल माइनिंग बंद करने, ठेका प्रथा समाप्त करने और ठेका श्रमिकों को एचपीसी वेजेज सुनिश्चित करने जैसी मांगें भी उठाई हैं।

### मजदूरों से अपील

विनय सिंह ने कहा कि देश के उद्योगों और सार्वजनिक संपत्तियों को निजी हाथों में जाने से बचाने का यह निर्णायक समय है। सभी कोयला मजदूर और कर्मचारी इस हड़ताल में बढ़-चढक़र भाग लें और अपनी एकजुटता दिखाएं। माना जा रहा है कि इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल से कई क्षेत्रों में कामकाज प्रभावित हो सकता है।

## संगीतमय शिवपुराण कथा से शिवमय हुआ ग्राम खम्हरिया कला

शहडोल।




6 फरवरी को ग्राम खम्हरिया कला में संगीतमय शिव महापुराण कथा महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अमरनाथ कांति गौतम एवं पूरा परिवार है। महायज्ञ गौतम परिवार के निज निवास में आयोजित किया जा रहा है। भक्ति के पावन पर्व पर परम विद्वान आचार्य श्री धन्वंतरी दास जी धीर समीर वृंदावन के मुखारविंद से संगीत में प्रवचनों की अमृत वर्षा कर रहे हैं। आचार्य श्री धन्वंतरि अपनी विशिष्ट शैली और संगीतमय प्रवचनों के लिए सनातन धर्म प्रेमियों के बीच विशेष पूरे देश ने एक विशेष पहचान रखते हैं। संगीतमय शिव पुराण महायज्ञ का प्रारंभ 6 फरवरी को विशाल शोभा एवं कलश यात्रा के साथ किया गया। आगामी दिनों में क्रमशः शिव पुराण महिमा, सती जन्म कथा, श्री शिव पार्वती विवाह, कार्तिकेय एवं गणेश चरित्र, उमा संहिता एवं देवी महिमा, द्वादश ज्योतिर्लिंग कथा और 13 फरवरी को यज्ञ हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का समापन किया जाना है। संगीतमय शिव महापुराण कथा महायज्ञ में आचार्य श्री धन्वंतरी दास जी के द्वारा प्रस्तुत भगवान शिव पार्वती के सुंदर चरित्र और गुप्त लीलाओं की अमृत वर्षा से सभी सनातनी प्रेमी भाव विभोर होकर नाचते गाते दिख रहे हैं। भगवान भोलेनाथ की सुंदर चरित्र विवाह और उनके वर्णन को सुनकर भूत- प्रेत के साथ भगवान के प्रेमी भक्ति भी झूम उठते हैं। भगवान की विभिन्न कथाओं को वास्तविक रूप से दिखाने के लिए सुंदर जीवंत झांकियां और महाराज जी के भक्ति रस युक्त भजन उपस्थित सभी लोगों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान करता है।

## उपयंत्री की मनमानी से पंचायतों में विकास ठप्प, सरपंच ने खोला मोर्चा

# गोहपारू जनपद में भ्रष्टाचार का इंजीनियरिंग खेल

शहडोल।

सरकारी सिस्टम में बैठे कुछ सफेदपोशों की हठधर्मिता और कमीशनखोरी की भूख ने विकास कार्यों का गला घोंट दिया है। जनपद पंचायत गोहपारू की ग्राम पंचायतों में इन दिनों उपयंत्रियों का तांडव इस कदर बढ़ गया है कि निर्माण कार्य पूरे होने के बावजूद उनका मूल्यांकन अटका हुआ है, ग्राम पंचायत खोहरी का है, जहां पदस्थ उपयंत्री पवन कुमार वर्मन पर गंभीर भ्रष्टाचार और कार्य में लापरवाही के आरोप लगे हैं।



### कमीशन नहीं तो मूल्यांकन नहीं

खोहरी सरपंच ने कलेक्टर को सौंपे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उपयंत्री पवन कुमार वर्मन खुलेआम कह रहे हैं, जब तक कमीशन नहीं मिलेगा, तब तक मस्टर और मूल्यांकन जीरो ही रहेंगे। यह बयान उस भ्रष्टाचार की गवाही देता है जो गोहपारू जनपद की नसों में फैल चुका है। आलम यह है कि सीसी रोड निर्माण से लेकर खेत तालाब तक के कार्यों का मूल्यांकन महीनों से लटका है, जिससे पंचायत एजेंसी और मजदूर दोनों सडक़ों पर आ गए हैं।

### 261 की जगह 50 रुपये मूल्यांकन

उपयंत्री की तानाशाही का सबसे वीभत्स चेहरा मनरेगा कार्यों में देखने को मिल रहा है। जहां सरकार ने मजदूरी दर 261 रुपये तय की है, वहीं उपयंत्री ने अपनी कलम की ताकत का दुरुपयोग कर इसे मात्र 50 से 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से मूल्यांकित किया है। कई मस्टर रोल तो सीधे जीरो कर दिए गए। सवाल यह उठता है कि क्या गोहपारू जनपद के सीईओ गहरी नींद में सो रहे हैं या उनकी मौन सहमति इस लूट को संरक्षण दे रही है।

### सचिव-सरपंच बलि का बकरा

गोहपारू जनपद की हकीकत यह है कि यहां की अधिकांश पंचायतों में निर्माण कार्य धरातल पर तो पूरे हो चुके हैं, लेकिन उपयंत्रियों के मूल्यांकन न करने के कारण शासकीय पोर्टल पर वर्षों से अधूरे नजर आ रहे हैं। सबसे बड़ा खेल गुणवत्ता के नाम पर होता है, जब भी किसी कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठते हैं, तो सारा ठीकरा सरपंच और सचिव के सिर फोड़ दिया जाता है, लेकिन जिस उपयंत्री की देखरेख में काम हुआ और जिसने भ्रष्टाचार के फेर में मूल्यांकन रोका, वह बड़ी ही चालाकी से साफ बच निकलता है। यह सिस्टम उपयंत्रियों के लिए कवच बन गया है।

### सीईओ की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

जनपद सीईओ की कार्यप्रणाली भी अब संदेह के घेरे में है। जब पूरी जनपद में उपयंत्रियों की मनमानी की गूंज है, तो अब तक कोई कठोर दंडात्मक कार्यवाही क्यों नहीं की गई, क्या सीईओ साहब को अपने मातहतों की इस कमीशनखोरी की भनक नहीं है, यदि जल्द ही पवन कुमार बर्मन जैसे उपयंत्रियों पर नकेल नहीं कसी गई और खोहारी जैसी पंचायतों के रुके मूल्यांकन पूरे नहीं हुए, तो ग्रामीणों का आक्रोश जनपद कार्यालय का घेराव करने को मजबूर होगा।

## शहडोल में हाथी पांव के खिलाफ जंग शुरू विधायक-कलेक्टर ने खुद दवा खाकर दिया संदेश

शहडोल।

जिले को हाथी पांव जैसी लाइलाज और कष्टदायक बीमारी से मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने अब तक का सबसे बड़ा घेरा डाला है। मंगलवार को माता शबरी शासकीय कन्या परिसर, कंचनपुर से विकासखंड सोहागपुर में सामूहिक दवा सेवन अभियान का शंखनाद किया गया। अभियान की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी और कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने खुद सबके सामने दवा का सेवन कर जनता के मन से डर को खत्म किया और इस महाभियान में शामिल होने की अपील की।



### खाली पेट न खाएं दवा

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने तकनीकी बारीकियों पर जोर देते हुए बताया कि यह दवा 2 साल से छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर बीमारों को छोडक़र हर किसी के लिए अनिवार्य है। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि दवा खाली पेट कतई न लें और एल्बेंडाजोल की गोली को चबाकर खाना ही प्रभावी होगा। प्रशासन का यह सख्त रुख बताता है कि स्वास्थ्य सुरक्षा के मामले में अब कोई ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फाइलेरिया का मच्छर जब काटता है, तो उसके लक्षण सालों बाद हाथी पांव के रूप में दिखते हैं। तब तक इलाज नामुमकिन हो जाता है। इसलिए प्रशासन की इस मुस्तैदी का सम्मान करें और दवा खाकर सुरक्षित बनें।

### 15 दिनों का एक्शन प्लान

यह अभियान महज कागजी खानापूर्ति नहीं, बल्कि एक सुनियोजित रणनीति है। विधायक जयसिंह मरावी ने स्पष्ट किया कि 10 से 12 फरवरी तक बूथों पर दवा पिलाई जाएगी, लेकिन असली परीक्षा 14 फरवरी से शुरू होगी जब स्वास्थ्य विभाग की टोलियां घर-घर जाकर दस्तक देंगी। लक्ष्य साफ है, एक भी व्यक्ति छूटना नहीं चाहिए।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण



उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का औचक निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । निरीक्षण के समय उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया सहित निर्वाचन से जुडे कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक संपन्न



उमरिया। जिले में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने एवं स्थापित उद्योगों को आ रही समस्याओं के निराकरण हेतु जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उद्योगपतियों द्वारा उमरिया के शहरी इलाके निकट एवं मानपुर विकासखण्ड में औद्योगिक क्षेत्र की मांग प्रस्तावित की गई। जिस पर कलेक्टर द्वारा भूमि के चयन के संबंध में निर्देश दिये गये साथ ही औद्योगिक क्षेत्र बड़वार में आ रही वोल्जेट की समस्या के संबंध में सुधार करने हेतु अधीक्षण यंत्री मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कं0लि) को कलेक्टर द्वारा निर्देशित किया गया । साथ ही जिले में उद्योग संघ गठित किये जाने के सुझाव दिनेश कुमार मर्सकोले, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र उमरिया द्वारा दिये गये। साथ ही प्रत्येक त्रैमास में जिला स्तरीय लघु उद्योग संवर्धन समिति की बैठक किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा प्रदान किये गये। बैठक में शासकीय विभागों के अधिकारियों के अतिरिक्त जिले में स्थापित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### बाल विवाह की सूचना पर की गई कार्यवाही, रूकवाया गया तिलक

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता के मार्गदर्शन में ग्राम करौंदा जनपद पंचायत करकेली में 17 फरवरी को होने वाले तिलक की सूचना मिलने पर परियोजना अधिकारी अंजू सिंह पोर्ते व्दारा परिवार को समझाईश दी गई, जिसके बाद तिलक कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया।
परियोजना अधिकारी अंजू सिंह पोर्ते को ग्राम करौंदा में 17 फरवरी को बाल विवाह के तहत तिलक होने की जानकारी प्राप्त हुई , जिसके बाद उन्होने दल बल के साथ परिवार जनो से मुलाकात की और उन्हें बाल विवाह नही करने की समझाईश दी । परिवार जनो से कहा गया कि निर्धारित उम्र के बाद ही बच्चे का विवाह करे , जिस पर उन्होने सहमति व्यक्त कि ।

### अवैध खनन एवं परिवहन पर प्रशासन की सख्त कार्यवाही



अनूपपुर। जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने हेतु कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में खनिज विभाग द्वारा सघन कार्यवाही की गई। खनिज निरीक्षक श्रीमती शकुन्तला खाखा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक अमित कुमार द्वारा सोमवार को तहसील पुष्पराजगढ़ अंतर्गत ग्राम बेलडोंगरी एवं सेन्दुरखार/मेढ़ाखार क्षेत्र में निरीक्षण किया गया। इस दौरान खनिज बोल्डर एवं खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए 02 वाहनों को जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम, 2022 के नियम 19 (1), (2) एवं (3) के अंतर्गत विधिसम्मत कार्यवाही की गई। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

## निर्देशों के परिपालन में खनिज विभाग ने की बड़ी कार्यवाही

# जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर कलेक्टर सख्त

**उमरिया। खनिजों के अवैध उत्खनन परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम हेतु जिले में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), प्रभारी अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, कार्यपालिक दण्डाधिकारी चंदिया, सहायक खनि अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, थाना प्रभारी चंदिया, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा जॉच के दौरान ग्राम झाला तहसील चंदिया, जिला उमरिया स्थित उमरार नदी क्षेत्र में बाबा महाकाल मिनरल्स प्रायवेट लिमिटेड के द्वारा खनिज रेत के अवैध उत्खनन करना पाया गया।**
उन्होने बताया कि सुनियोजित ढंग से तैयारी कर संलिप्त टू-टेन चौन माउटिंग मशीन सैनी 210 जिसका सीरियल नंबर 18



एसईवाय 02185387 को जप्त किया गया है। वाहन ट्रक क्रमांक क्रमशः एमपी 21 एच1897, एमपी 21एचबी 6956 , एमपी 21जेडई 5957 , सीजी 12 बीजी 1566 , एमपी 35 एचए 0137 को खनिज रेत के अवैध उत्खनन/परिवहन में संलिप्त पाये जाने से जप्त किया जाकर पुलिस थाना चंदिया में सुरक्षार्थ खड़ा करवाया गया है। कार्यवाही में खनिज, राजस्व एवं पुलिस अमले की अहम भूमिका रही। उक्त समस्त वाहनों पर खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन के लिए प्रकरण तैयार कर म.प्र. खनिज अवैध (खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है साथ ही संयुक्त जांच टीप द्वारा जिले में अवैध उत्खनन के क्षेत्रों को चिन्हित कर सघन जांच का अभियान चलाया जा रहा है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी आवेदको की समस्याएं



**उमरिया।** साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आए लोगो की समस्याओ को सुना तथा समस्याओ के निराकरण के लिए आवेदन संबंधित विभाग की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में कसौदा निवासी चंदिया ने झुग्गी झोपडी का पटटा दिए जाने, राजेन्द्र प्रसाद विश्व कर्मा मझगवां ने सरपंच सचिव व्दारा शौचालय निर्माण की राशि नही दिए जाने, बृजेन्द्र प्रसाद परौहा सेवा निवृत्त स्थाई कर्मी बीटी आर ने खाते से होल्ड हटवाने, दन्नी बैगा निगहरी ने भूमि से अवैध कब्जा हटाने, रामनाथ सिंह नेउसा ने ग्राम पंचायत ममान के सरपंच सचिव व्दारा राशि का दुरूपयोग किए जाने, अनीता यादव ग्राम डोगरगवां ने पीएम आवास योजना का लाभ दिए जाने, लालू कोल ग्राम दमोय ने सीमांकन कराने, आशा सिंह ग्राम बरदौहा ने पति की मृत्यु उपरांत फौती नामांतरण किए जाने, छोटी बाई ग्राम बस्कुयटा ने रूका हुआ राशन दिलाने तथा केतकी बाई ग्राम पंचायत महरोई ने पति की मृत्यु उपरांत संबल योजना का लाभ दिए जाने संबंधी आवेदन दिया । इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रमोद कुमार सेन गुप्ता,डिप्टी कलेक्टर कमलेश नीरज, प्रत्युष श्रीवास्तव सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि सह योजना अंतर्गत कार्यशाला संपन्न

**उमरिया।** मत्स्य पालन विभाग भारत सरकार के निर्देश पर जिले में प्रधानमंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि सह योजना अंतर्गत जलीय कृषि बीमा, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग उमरिया में आयोजित किया गया।
कार्यक्रम में मत्स्य कृषकों द्वारा भागीदारी कर योजना के बारे में एनएफडीबी हैदराबाद द्वारा आयोजित ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से बीमा एवं योजना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जिसमें बताया गया कि इच्छुक मत्स्य पालक को अपनी मत्स्य सम्पदा का बीमा कराने के लिए सर्वप्रथम नेशनल फिशरीज की वेबसाइट पर पंजीयन कराना होगा। योजना अंतर्गत भारत सरकार द्वारा प्रीमियम राशि का 40 प्रतिशत प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रदाय किए जाने का प्रावधान है।



## हायर सेकेण्डरी कि अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न

**उमरिया।** हायर सेकेण्डरी की अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले में बनाए गए 41 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई। जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर निरीक्षण दलों द्वारा सघन निरीक्षण किया गया। हायर सेकेण्डरी अंग्रेजी विषय की परीक्षा में कुल दर्ज 3909 में से 3844 विद्यार्थियो ने परीक्षा दी वही 65 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे । मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी मण्डल परीक्षा अभय सिंह द्वारा मण्डल के निर्देशानुसार परीक्षा केन्द्रों में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा प्रश्न पत्र थाने से निकालने एवं परीक्षा केन्द्र तक ले जाने व परीक्षा केन्द्र में मोबाईल एप के माध्यम से किये जाने वाले कार्य की मॉनीटरिंग की गई व समय पर सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा प्रारंभ होने के उपरांत निर्धारित प्रारूप में जानकारी माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की ओर भेजने के निर्देश दिये गये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा मण्डल परीक्षा से संबंधित समस्त गतिविधियों पर सतत निगरानी रखते हुये निरंतर सभी कार्यों की मॉनीटरिंग प्रतिदिन की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. मरावी द्वारा परीक्षा केन्द्र शा.उ.मा.वि. लोढ़ा, शा.उ.मा.वि. कन्या चंदिया, शा.उ.मा.वि. अखड़ार, शा.उ.मा.वि. कौडिय़ा एवं शा.उ.मा.वि. बिलासपुर का निरीक्षण किया गया, परीक्षा शांति पूर्वक एवं सुचारू रूप से संचालित होना पायी गयी। परीक्षा में किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल प्रकरण दर्ज नहीं हुये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा व्यवस्था एवं संचालन मंडल के निर्देशानुसार उचित एवं व्यवस्थित पायी गयी, सभी परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस बल तैनात पाया गया। परीक्षा केन्द्रों पर 144 धारा लगाने के फलस्वरूप बाहय भीड़ एवं असमाजिक तत्वों की भीड़ नहीं दिखाई दी, परीक्षायें शांति पूर्ण संचालित पायी गयी ।

## नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की सेक्टर बैठक संपन्न



**उमरिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद मानपुर अंर्तगत नवांकुर संस्था जया सेवा समिति की ग्राम पंचायत असोढ में बैठक संपन्नर हुई । विकासखण्ड समन्वयक महेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि सभी प्रस्फुटन समितियो को दस्तावेजी करण एव अपने अपने गांवो की समस्याओं को चिन्हकन कर योजना तैयार करके उसमें काम करे जिससे हर समस्या का हल किया जा सके। जया सेवा समिति अध्यक्ष देव प्रकाश गौतम द्वारा बताया गया कि सभी प्रस्फुटन समिति अपने अपने गाँव मे मासिक बैठक करें और जन अभियान द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करें और पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, स्वच्छता ,और आदर्श गांव नशा मुक्त हो । इस अवसर पर परामर्शदाता माधुरी त्रिपाठी ,अन्नपूर्णा सोनी , ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष अजय वर्मन सचिव रामबोध ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कसेरू सचिव अशोक सिंह, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सुखदास सचिव ओम प्रकाश तिवारी ,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति चिल्हारी राजर्षि , अरुण वर्मन ,रमाकांत सेन ,दीपक वर्मन ,अमित ,मुकेश, संगीता पटेल उपस्थित रहे ।



## श्रीराम वन गमन व केवट प्रसंग में उमड़ा आस्था का महासैलाब

**बदरा/जमुना।** माँ काली मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री अद्भुत रामायण महायज्ञ एवं भाव-संगीतमय श्रीराम कथा ने पूरे जमुना कोतमा क्षेत्र को भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंग दिया है। आयोजन के क्रम में सोमवार 9 फरवरी को श्रीराम वन गमन एवं केवट प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण, संगीतमय और जीवंत वर्णन प्रस्तुत किया गया, जिसने हजारों श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा स्थल पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। अनुमान के अनुसार लगभग 3 हजार श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे, जिनमें महिलाओं की संख्या सर्वाधिक रही ढोल-मंजीरों की गूंज, भक्ति संगीत और "जय श्रीराम" के जयघोष के बीच महिलाएं भजन-संगीत पर झूमती नजर आईं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बन गया। इस अवसर पर कथा व्यास जया मिश्रा, शरणागत आश्रम, श्रीधाम वृंदावन की ओजस्वी वाणी ने श्रीराम के वन गमन की करुणा और केवट के निष्काम भक्ति भाव को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। श्रोता कभी भावुक हुए तो कभी भक्ति रस में डूबकर तालियों और जयकारों से पंडाल गूंजता रहा। आयोजन को भव्य बनाने में अन्नू मिश्रा (गायक कलाकार) की संगीतमय प्रस्तुति तथा सरजू केवट (अध्यक्ष, भारतीय मजदूर संघ, 9/10 खदान) का विशेष योगदान रहा, जिसकी श्रद्धालुओं ने सराहना की। उल्लेखनीय है कि 4 फरवरी से प्रारंभ यह आयोजन 12 फरवरी तक जारी रहेगा। आज शबरी प्रसंग, सुंदरकाण्ड एवं रामराज्य उत्सव का विशेष भावपूर्ण संगीतमय वर्णन किया जाएगा। समापन अवसर पर महायज्ञ, पूर्णाहुति, विशाल भंडारा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## सिंगरौली में 30 लाख वृक्षों की कटाई और 'एक पेड़ मां के नाम' यह दोहरी नीति-विक्रांत भूरिया

### एक तीरे कमान आदिवासी एक समान प्रशिक्षण शिविर में जमकर गरजे विक्रांत भूरिया

**अमरकंटक।** आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया ने कहा कि एक ओर सिंगरौली क्षेत्र में लगभग 30 लाख वृक्षों को निर्ममता के साथ काटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे अभियान चलाए जा रहे हैं, जो सरकार की दोहरी नीति को उजागर करता है। वे जिला अनूपपुर आदिवासी कांग्रेस द्वारा पवित्र नगरी अमरकंटक में आयोजित तीन दिवसीय आदिवासी अधिकार एवं सशक्तिकरण प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। विक्रांत भूरिया ने अपने संबोधन में कहा कि आदिवासियों का इतिहास लगभग 50 हजार वर्ष पुराना है, जबकि धर्म का इतिहास लगभग 5 हजार वर्ष का है।
हम आदिवासी मूल निवासी हैं, लेकिन हमें 'वनवासी' कहकर बांटने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर आदिवासियों का संवैधानिक अधिकार है, जिसे छीना जा रहा है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा धर्म और जाति के आधार पर समाज को बांटने का काम कर रही है।



उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को "पर्ची से बने मुख्यमंत्री" बताया। भूरिया ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम मिटाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार द्वारा शुरू की गई महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) का नाम बदलकर नया स्वरूप दिया गया और अब उसमें ठेकेदारी प्रथा लागू की जा रही है। पंचायत राज व्यवस्था को कमजोर कर लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि वे संपर्क, संवाद, संघर्ष और समन्वय इन चार सूत्रों को अपनाकर जनता के बीच जाएं, जनता स्वयं उन्हें महत्व देगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि "हम वनवासी नहीं, आदिवासी हैं मूल निवासी हैं।"

उन्होंने यह भी कहा कि विश्व आदिवासी दिवस (9 अगस्त) पर अवकाश की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सरकार ने की थी, जिसे वर्तमान सरकार ने समाप्त कर दिया। भूरिया ने कहा कि राहुल गांधी आदिवासियों की लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ रहे हैं और कांग्रेस पूरी मजबूती से आदिवासी समाज के साथ खड़ी है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने "एक तीर, एक कमान आदिवासी एक समान", "जय जोहार का नारा है भारत देश हमारा है" जैसे नारों से सभा स्थल को जोश से भर दिया। उन्होंने आदिवासी अस्मिता, इतिहास और अधिकारों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि जिला अनूपपुर आदिवासी कांग्रेस द्वारा 9, 10 एवं 11 फरवरी को आयोजित इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना से वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी, इंदिरा गांधी, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर, टंट्या मामा एवं रानी दुर्गावती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके पश्चात अतिथियों का पुष्पहार एवं कच्चे सूत की माला पहनाकर स्वागत-अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने स्वागत भाषण एवं प्रेरक उद्बोधन दिया।
कार्यक्रम का संचालन प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू सिंह टेकाम ने किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जनक धुर्वे (प्रदेश अध्यक्ष, छत्तीसगढ़), श्रीमती अर्चना पोर्ते (राष्ट्रीय समन्वयक), वेंकटेश (तेलंगाना), विनोद भाई (तेलंगाना), पोरलाल, भुनेश्वर सिंह (जिला पंचायत सदस्य), मानवेंद्र मिश्रा अध्यक्ष (युवा कांग्रेस), एहसान अली अंसारी (सेवादल), आशुतोष सिंह मार्को, अजय सिंह (प्रशिक्षण प्रभारी), श्रीमती पार्वती सिंह (नगर परिषद अध्यक्ष, अमरकंटक), श्यामलाल सेन, डोमल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। बताया गया कि प्रशिक्षण शिविर में लगभग एक सैकड़ा से अधिक कांग्रेस कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं तथा आगामी सत्रों में कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करेंगे।

## कई ग्राम पंचायतों में नाली और पुलिया निर्माण की गुणवत्ता भगवान भरोसे

### निगरानी अधिकारी की चुप्पी पर उठे गंभीर सवाल

**बदरा/जमुना।** जनपद पंचायत अनूपपुर में विकास कार्यों की हकीकत सरकारी दावों से कोसों दूर है। यहाँ निगरानी का जिम्मा संभालने वाले अधिकारियों की नाक के नीचे सरकारी खजाने की जमकर लूट हो रही है। विशेषकर रवि ग्वाल, जिनके कंधों पर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जाँचने और सही क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का दायित्व है, उनकी भूमिका अब संदेह के घेरे में आ गई है।
निगरानी अधिकारी की निगरानी या सिर्फ खानापूर्ति?जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों में हो रहे निर्माण कार्यों में रवि ग्वाल की निगरानी केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। जमीनी हकीकत यह है कि ठेकेदार और संबंधित एजेंसी मनमाने ढंग से कार्य कर रहे हैं, और रवि ग्वाल मूकदर्शक बने हुए हैं।




जनता का आरोप है कि निगरानी अधिकारी का काम साइट पर जाकर गड़बड़ियों को रोकना है, लेकिन यहाँ रवि ग्वाल की अनदेखी के चलते भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। सूत्रों के अनुसार, 15वें वित्त आयोग के तहत ग्राम पंचायतों में लाखों रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। लेकिन रवि ग्वाल की लचर कार्यप्रणाली के कारण इस राशि का सही उपयोग होने के बजाय बंदरबांट हो रहा है। निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंडों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।

**नाली और पुलिया निर्माण में गुणवत्ता शून्य**

सबसे बुरा हाल नाली और पुलिया निर्माण का है। कई पंचायतों में बन रही नालियों और पुलियों में बेहद घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है। सीमेंट और रेत के अनुपात में गड़बड़ी साफ दिखाई देती है। कायदे से रवि ग्वाल को इन कार्यों की गुणवत्ता करनी चाहिए थी, लेकिन उनके द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न करना यह दर्शाता है कि शायद यह सब उनकी मूक सहमति से हो रहा है।

ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे इस घटिया निर्माण से जनता में रोष है। सवाल यह उठता है कि जब रवि ग्वाल जैसे जिम्मेदार अधिकारी ही अपनी आँखें मूंद लेंगे, तो विकास की गुणवत्ता कौन सुनिश्चित करेगा? क्या यह महज लापरवाही है या फिर कमीशनखोरी का खेल?
क्षेत्र के जागरूक नागरिकों और ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि रवि ग्वाल के कार्यकाल में और उनकी निगरानी में हुए सभी निर्माण कार्यों, विशेषकर 15वें वित्त की नाली और पुलिया निर्माण की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए। यदि जांच में गुणवत्ताविहीन कार्य पाया जाता है, तो रवि ग्वाल की जवाबदेही तय करते हुए उन पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में जब जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो घंटी बजती रही लेकिन उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

## बिजुरी पुलिस द्वारा लंबे समय से फरार चल रहे वसुली गिरफ्तारी वारंटी को किया गिरफ्तार



बिजुरी। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं फरार चल रहे वारंटियों की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में बिजुरी पुलिस द्वारा लगन एवं मेहनत कर न्यायालय सिविल कोर्ट कोतमा 411/2025 धारा 144 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता अधिनियम के 2,07,500 रुपये का वसुली गिरफ्तारी वारंटी रामसुशील कुशवाहा पिता बबनू कुशवाहा उम्र 43 वर्ष निवासी बहेराबांध थाना बिजुरी जिला अनूपपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, सउनि प्रदीप अग्निहोत्री, प्र. आर. 118 ईश्वर यादव, आर. लक्ष्मण डांगी की विशेष भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### युवकों पर हमला करने वाले तीन आरोपित गिरफ्तार, दो फरार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर में युवकों पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपितों में से तीन को पुलिस ने गिफ्तार कर लिया है। जबकि दो अन्य की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी सोनू चौधरी 20 वर्ष निवासी झुकेही ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 6 फरवरी की रात करीब 8:45 बजे जब वह मऊरानी ट्रांसपोर्ट के पास खड़ा था तभी एक स्कूटी और बाइक पर सवार 5 अज्ञात युवक वहां पहुंचे। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से लोहे के टायर लीवर (रॉड) और डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए सहकर्मी माधव पाण्डेय पर भी बेरहमी से वार किए गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्र ने टीम गठित की। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना पर घेराबंदी कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान शेख कलीम बहना 28 साल निवासी रंगनाथनगर, आशीष गोंड 28 साल निवासी जबलपुर और आर्यन सिंह ठाकुर 19 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला के रूप में हुई है।

### वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन आज होगा

**कटनी।** नगर निगम के माध्यम से नागरिकों को की जाने वाली पेयजल आपूर्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या अथवा शिकायत के निराकरण तथा सुझाव प्राप्त हेतु मंगलवार 10 फरवरी को वार्ड स्तरीय जल सुनवाई का आयोजन किया गया है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने जल प्रदाय शाखा के अधिकारियों को वार्ड स्तरीय आयोजित जल सुनवाई के दौरान नागरिकों से जल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त होने वाली समस्याओं एवं आवेदनों पर सुनवाई करते हुए उन पर शीघ्रता से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। जल सुनवाई में नागरिकगण पेयजल की गुणवत्ता, पाइप लाइन लीकेज तथा जल आपूर्ति से संबंधित समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। इसके अलावा नागरिकगण जल सुनवाई के दौरान घरों में सप्लाई किये जाने वाले पेयजल का नमूना भी साथ में लाकर पेयजल की गुणवत्ता का परीक्षण जल सुनवाई के दौरान कराकर उसकी गुणवत्ता रिपोर्ट से अवगत हो सकेंगे। उपयंत्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि वार्ड क्रमांक 1 से 15 तक के लिए प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक, वार्ड क्रमांक 16 से 30 तक के लिए 12:30 बजे से 2:30 बजे तक तथा वार्ड क्रमांक 31 से 45 तक के लिए जल सुनवाई का आयोजन दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। जल सुनवाई में नगर निगम कटनी की जलप्रदाय शाखा के अधिकारी, प्रशिक्षित कर्मचारी एवं फील्ड स्टाफ मौजूद रहेंगे, जो प्राप्त शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित करेंगे।

### दो वार्डो में छोड़ा गया रासायनिक धुआं

**कटनी।** नगर निगम द्वारा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम एवं नियंत्रण के उद्देश्य से निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप रोजाना दो वार्डो में फागिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रविवार देर शाम शहर के महात्मा गांधी वार्ड एवं जयप्रकाश वार्ड में फॉगिंग अभियान संचालित कर मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने की कार्रवाई की गई। निगम के प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा मच्छर जनित रोगों की रोकथाम हेतु नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। विगत दिवस महात्मा गांधी वार्ड एवं जयप्रकाश वार्ड की विभिन्न मुख्य गलियों सहित विभिन्न कालोनियों एवं बस्ती में रासायनिक धुंआ छोड़ने की कार्यवाही की गई।

### आज 11 फरवरी को सोहागपुर में आमसभा, नई कार्यकारिणी के चुनाव व सम्मान समारोह होंगे मुख्य आकर्षण

# गपशप रेस्टोरेंट में तय हुई एससी/एसटी-ओबीसी कर्मचारी सम्मेलन की दिशा और रूपरेखा



**धनपुरी।** ऑल इंडिया एससी/एसटी एवं ओबीसी एम्प्लॉइज़ को-ऑर्डिनेशन काउंसिल, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के वार्षिक आमसभा एवं सम्मेलन की तैयारियों को लेकर बुढ़ार स्थित गपशप रेस्टोरेंट में एक महत्वपूर्ण तैयारी बैठक आयोजित की गई। बैठक में 11 फरवरी 2026 को सोहागपुर क्षेत्र में प्रस्तावित सम्मेलन की दिशा, रूपरेखा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक की अध्यक्षता काउंसिल के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश कुमार महारा ने की। बैठक में सोहागपुर क्षेत्र के काउंसिल पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सच्चिदानंद यादव, मुकेश राय, फराज अली, दीपक कुमार, सुनील यादव, पुष्पेंद्र, उदय कुमार, याकूब अली, जितेन बिसेन, नीलकमल श्री, जियाउल हक, हरि लाल, संदीप कुमार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

बैठक में सम्मेलन से जुड़े प्रत्येक पहलू पर विस्तार से चर्चा की गई। अतिथियों के स्वागत, आवास एवं ठहरने की व्यवस्था, भोजन, पंजीयन प्रक्रिया, मंच संचालन, समयबद्ध कार्यक्रम और अनुशासन व्यवस्था पर स्पष्ट जिम्मेदारियां तय की गईं। पदाधिकारियों ने सम्मेलन को संगठित, गरिमामय और प्रभावी बनाने पर सहमति जताई।

#### सम्मान समारोह और चुनाव प्रक्रिया होगी अहम

बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि सम्मेलन के दौरान समाज एवं कर्मचारियों के हित में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही एसईसीएल काउंसिल की नई कार्यकारिणी समिति का गठन भी इसी आमसभा में लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत किया जाएगा। काउंसिल, कोल इंडिया लिमिटेड के महामंत्री एडवोकेट नंदकिशोर मांडलिक द्वारा जारी संदर्भ पत्र क्रमांक एससी/ एसटी/ बीसी/ काउंसिल/ सीआईएल/308 (दिनांक 01 फरवरी 2026) के आधार पर आमसभा एवं चुनाव प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। पत्र के अनुसार, शैलेंद्र यादव (कार्याध्यक्ष) एवं राजकुमार महतो (सचिव), काउंसिल, कोल इंडिया लिमिटेड को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव अधिकारी आमसभा के समापन के उपरांत पांच दिनों के भीतर चुनाव रिपोर्ट काउंसिल के माननीय अध्यक्ष बृज किशोर राम (पासवान) को सौंपेंगे, जिसके पश्चात नई कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की जाएगी।



#### अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील

बैठक के अंत में काउंसिल पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों, कर्मचारियों एवं समाजसेवियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाएं।

## हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय ने तीन आरोपितों को सुनाई सजा, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश एस.पी.एस. बुंदेला की अदालत ने थाना कोतवाली अंतर्गत हत्या के प्रयास के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायालय ने अभियुक्त रितिक निषाद, अभिषेक उर्फ भालू चौरसिया और अनुराग उर्फ वासु चौरसिया को दोषी करार देते हुए कारावास की सजा सुनाई है। मामला थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 238/2024 से संबंधित है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता (IPC) की धारा 294 (गाली-गलौज), 323 (मारपीट), 307 (हत्या का प्रयास) सहपठित धारा 34 और आयुध अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया था।



न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नदीम जावेद खान के न्यायालय से मामला विचारण के लिए सत्र न्यायालय भेजा गया था, जहाँ अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक के.के. तिवारी ने पैरवी की। यह वारदात 27 मार्च 2024 को रात लगभग 9:30 बजे गांधी गंज कटनी में हुई।

मुख्य अभियुक्त रितिक निषाद ने फरियादी साहिल निषाद से कुछ पैसे उधार लिए थे। जब साहिल ने पैसे वापस मांगे, तो रितिक ने उसे बात करने के बहाने 'रावत गली' बुलाया। साहिल अपने दोस्तों आशीष सोंधिया और सूजल रजक के साथ वहां पहुंचा। वहां रितिक निषाद, अभिषेक उर्फ भालू, अनुराग उर्फ वासु और एक नाबालिग पहले से मौजूद थे। रितिक ने गाली देते हुए कहा, तू मुझसे पैसा लेगा और जान से मारने की नीयत से साहिल के पेट में चाकू मार दिया। साहिल का दोस्त आशीष उसे बचाने आया तो अनुराग उर्फ वासु ने उसके सिर पर बीयर की बॉटल मारी और अभिषेक उर्फ भालू ने हाथ-घूंसों व कड़े से उसके साथ मारपीट की। शोर मचने पर हमलावर मौके से भाग गए। प्रकरण पर न्यायालय ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अभियुक्तों को दोषी पाया।

*शासकीय महाविद्यालय में दिया गया जैविक खेती का प्रशिक्षण*

## विद्यार्थियों को टमाटर उत्पादन, गोबर कंपोस्ट केंचुआ खाद निर्माण का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद में विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्राचार्या डॉ सरिता पांडे के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ प्रीति नेगी के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है प्रशिक्षण के क्रम में विद्यार्थियों को टमाटर की उन्नत खेती एवं कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के अंतर्गत गोबर कंपोस्ट एवं केंचुआ खाद निर्माण का तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया।



टमाटर की उन्नत खेती के अंतर्गत जलवायु भूमि बलुई दोमट टमाटर की देसी किस्म500ग्रामएवं शंकर किस्म 250 ग्राम प्रति हेक्टर बीज की आवश्यकता होती है बीजकी बोनी जून जुलाई एवं जनवरी-फरवरी में ट्राइकोडर्मा वि र डी से बीज उपचार कर क्यारी बनाकर नर्सरी तैयार करते हैं 20 से 25 दिन के पौधों को नर्सरी से उखाड़ कर वैज्ञानिक विधि से दी गई सलाह के अनुसार खेतों में रो पाई करते हैं मेंड़ों पर चारों तरफ गेंदा के पौधों की रोपाई करने से फूल खिलने की अवस्था में फल भेदक की टमाटर की फसल में कम लगते हैं जैविक खाद सिंचाई मिट्टी चढ़ाना और पौधों को सहारा देना खरपतवार नियंत्रण एकीकृत कीटएवं रोग नियंत्रण फलों की तुड़ाई उपज एवं विपणन का तकनीकी प्रशिक्षण दिया क्या।

बिना गोबर कंपोस्ट बनाएं अधसड़ा गोबर खेत में डालने से नींदा एवंदीमक में वृद्धि तथा पोषक तत्वों की कमी से फसल उत्पादन कम होता है चार माह में तैयार होने वाली गोबर कंपोस्ट को 20 से 25 टन प्रति हेक्टेयर उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया गया। केंचुआ खाद बनाने के लिएआईसीनिया फ़ोटिडा केंचुआ कचरा गोबर को 30 से 45 दिन में खाद बना देते हैं प्रति एकड़ 8 से 10 क्विंटल केंचुआ खाद का उपयोग करते हैं जिसमें सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं। केंचुआ खाद के उपयोग से भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि तथा कीट एवं रोग कम लगते हैं फलों सब्जियों एवं अनाजों का उत्पादन बढ़ जाता है। पौष्टिक स्वाद रंग एवंआकारअच्छा हो जाताहै। केंचुआ एवं केंचुआ खाद से वार्षिक आय की जानकारी दी गई। प्राचार्या ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया एवं स्वरोजगार हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

## रासेयो से विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना और उत्तरदायित्व का भाव होता है विकसित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कटनी द्वारा बिजौरी ग्राम स्थित मानव जीवन विकास समिति के प्रांगण में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना महिला व पुरुष इकाई के विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में विविध सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत राहत सेवा समर्पण संस्थान, विजयराघवगढ़ के सहयोग से नेत्र जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 125 विद्यार्थियों सहित प्रांगण में उपस्थित ग्रामीणजनों की आंखों की जांच की गई। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहनीय बताया।



इस अवसर पर पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने कहा कि "राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सेवा, संवेदना और सामाजिक उत्तरदायित्व का भाव विकसित होता है। ऐसे शिविर न केवल विद्यार्थियों को समाज से जोड़ते हैं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में जागरूकता और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को भी मजबूती प्रदान करते हैं।"

तिलक महाविद्यालय के राष्ट्रीय कोर कैडेट के संयोजक डॉ सरदार दिवाकर ने आज के बौद्धिक सत्र में भाग लिया और विद्यार्थियों को समाज, राष्ट्र हित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया।आज के बौद्धिक सत्र में फ्रांस से आए प्रतिनिधिमंडल ने सहभागिता करते हुए भारत में संचालित ऑर्गेनिक खेती एवं सतत कृषि विकास कार्यक्रमों की सराहना की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भारत में कृषि के सतत विकास की प्रक्रिया उन्हें अत्यंत प्रेरणादायक लगी। कार्यक्रम में तिलक महाविद्यालय की ओर से श्रीमती प्रियंका गुप्ता एवं डॉ. अंकिता खंडेलवाल ने विद्यार्थियों के सामाजिक जीवन में एन एस एस की भूमिका पर अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. माधुरी गर्ग ने फ्रांस से आए प्रतिनिधिमंडल का परिचय कराते हुए कहा"राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों को केवल शिक्षा तक सीमित नहीं रखती, बल्कि उन्हें समाज के प्रति जागरूक, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाती है।

### समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने कहा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करें

# हिदायत के बाद भी नहीं चेतने पर कलेक्टर ने की सख्त कार्यवाही, पांच अधिकारियों का काटा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

सीएम हेल्पलाइन की 50 दिवस से अधिक लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। शिकायतें नॉट अटेंड होना गंभीर लापरवाही मानी जायेगी। उन्होंने शिकायतें अटेंड नहीं करने वाले 5 शासकीय कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। इस दौरान नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार एवं अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा मौजूद रहे।



#### इनका कटा वेतन

सी एम हेल्पलाइन की शिकायतों को अटेंड नहीं करने वाले विभिन्न विभागों के 5 शासकीय कर्मियों का कलेक्टर श्री तिवारी ने एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इन लापरवाह कर्मियों में संबल योजना प्रभारी नगर निगम सनद विश्वकर्मा,पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी डॉ मणि गुप्ता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक यंत्री द्वय साकेत सुहाने और मोहित तिवारी स्लीमनाबाद शामिल हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने संकल्प से समाधान योजना के तहत हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही 16 फरवरी से शुरू होने वाले अभियान के द्वितीय चरण में शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन कर हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने की हिदायत दी। जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत विभिन्न विभागों की 106 सेवाओं का लाभ आमजन को दिलाया जा रहा है।

#### कमजोर प्रगति में सुधार की नसीहत

ई-केवाईसी करने के कार्य में कटनी जिला प्रदेश के 5 अग्रणी जिलों में शामिल हैं।फार्मर आईडी बनाने के मामले में कलेक्टर श्री तिवारी ने विजयराघवगढ़ तहसीलदार की सराहना की। उन्होंने रीठी की कमजोर प्रगति में सुधार करने की नसीहत दी। जिले में अब तक दो लाख दो हजार 385 किसानों की फार्मर आईडी रजिस्ट्री बनाने का कार्य हो चुका है। कलेक्टर श्री तिवारी ने मानव अधिकार सहित अन्य आयोगों के पत्रों पर समय पर जवाब देने की हिदायत दी।कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री,पी एम किसान ई-केवाईसी, भू-अभिलेख, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अभिलेख दुरूस्ती, किसान क्रेडिट कार्ड, पी एम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना सहित आयुष्मान कार्ड बनाने की स्थिति की समीक्षा किया। उन्होंने आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में और अधिक गति लाने की हिदायत दी।

कलेक्टर श्री तिवारी ने धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री उज्ज्वला 3.0 योजना के तहत आदिवासी परिवारों की ई-केवाईसी करने और निःशुल्क गैस, चूल्हा व गैस-सिलेण्डर से लाभान्वित कराने के निर्देश जिला आपूर्ति अधिकारी को दिये।

कलेक्टर श्री तिवारी ने उपसंचालक कृषि को ₹प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना₹ के तहत सोलर पंप वितरण के लिए चिन्हित 559 किसानों से संपर्क व संवाद कर शीघ्र लाभान्वित करने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि लोकसेवा केंद्र सहित अन्य माध्यमों से जन्म -मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जाये।साथ ही सभी सीईओ जनपद पंचायत इस आशय का प्रमाण पत्र भी देवें कि उनके विकासखंड में एक साल से अधिक अवधि का कोई मामला जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए लंबित नहीं है।इस कार्य के लिए पंचायत सचिवों को सक्रिय करें।

#### अग्निवीर भर्ती की तैयारी

कलेक्टर ने 13 फरवरी से झिंझरी पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होने वाली अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारियों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मैदान में एंबुलेंस, मेडिकल टीम, चलित शौचालय, पेयजल के लिए पानी के टैंकर, मैदान समतलीकरण हेतु रोड रोलर , जेसीबी और बस की व्यवस्था के निर्देश दिए।



## ओवर ब्रिज से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर के अंदर खिरहनी ओवर ब्रिज से निकल रहे भारी वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए अधिवक्ता यश खरे ने साथियों सहित कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं आयुक्त नगर निगम के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि सुगम यातायात उपलब्ध हो सके जिसके लिए शहर के बाहर बाईपास बन चुका है लेकिन उसके बाबजूद भी रात में भारी वाहन जुहला बाईपास से शहर अंदर होकर खिरहनी ओवर ब्रिज से निकल कर चांडक चौक पहुंचते हे जिसे खिरहनी ओवर ब्रिज तथा गर्ग चौराहे में लगे सी सी कैमरे में देखा जा सकता है। यह की शहर के अंदर खिरहनी ओवर ब्रिज से भारी वाहन न निकले इसके लिए एक याचिका उच्च न्यायालय जबलपुर में प्रस्तुत की गई थी। उक्त याचिका क्रमांक 18399/2014 में पारित आदेश दिनांक 8/7/2015 में हुआ जिसकी प्रति अनेक्चर A संलग्न है । यह की उक्त याचिका क्रमांक 18399/2014 में हुए आदेश दिनांक 8/7/2015 में हुए आदेश के पालन होने पर याचिकाकर्ता लल्लू लाल गुप्ता द्वारा एक कंटेम याचिका क्रमांक 1912/2015 प्रस्तुत की गई थी जिस पर सुनवाई उपरांत उच्च न्यायालय जबलपुर ने दिनांक 31/8/ 2016 ( अनेक्चर B ) को आदेश पारित कर खिरहनी ओवर ब्रिज से भारी वाहनों के निकलने पर रोक लगा दी है लेकिन माननीय उच्च न्यायालय के रोक आदेश के बावजूद भी बीच बस्ती रहवासी क्षेत्र तिलक कॉलेज मोड खिरहनी होकर शहर अंदर से खिरहनी ओवर ब्रिज होकर भारी वाहन निकल रहे हे जिससे आम जनता का निकलना दूभर हो गया हे ओर दुर्घटना का डर बना रहता है। अतः मांग की गई कि ओवर ब्रिज से भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाये।

## अनूपपुर रेलवे फ्लाईओवर बी-61 बना निगरानी का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

# कलेक्टर ने फिर संभाली कमान

**अनूपपुर नगर में निर्माणाधीन रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज बी-61 अब केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि प्रशासनिक निगरानी का उदाहरण बन चुका है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने एक बार फिर मौके पर पहुंचकर कार्यों का निरीक्षण किया और 15 दिवस में रिटेनिंग वॉल फर्श में मिट्टी भराव कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए है। साथ ही प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट लेने के आदेश जारी किए है।**





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले के बहुप्रतीक्षित रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज बी-61 के निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूरा कराने प्रशासन पूरी तरह सक्रिय नजर आ रहा है। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आज निर्माण स्थल का चौथी बार निरीक्षण करते हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा की है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए है कि रिटेनिंग वॉल के फर्श में मिट्टी भराव का कार्य 15 दिवस के भीतर हर हाल में पूरा किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने दोनों ओर अलग-अलग टीमों के माध्यम से कार्य तेज करने, निर्माण स्थल पर पड़ी अनावश्यक सामग्री हटाने और व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी को प्रतिदिन निरीक्षण कर सतत मॉनिटरिंग और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए है। वही दूसरी ओर यह ब्रिज अब देशभर में चर्चा का विषय बन गया है, क्योंकि संभवतः भारत का यह पहला रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज है जिसका कलेक्टर स्तर से 25 से अधिक बार मौका निरीक्षण किया गया है। यह प्रशासनिक गंभीरता का जीवंत उदाहरण भी बन चुका है।

### कलेक्टर के सख्त निर्देश, 15 दिन में भराव कार्य हो पूरा

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर हर्षल पंचोली ने रिटेनिंग वॉल फर्श में मिट्टी भराव कार्य को प्राथमिकता में रखते हुए 15 दिवस की समय-सीमा तय की है। उन्होंने अधिकारियों और ठेकेदार को चेताया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य की गति बढ़ाने के लिए संसाधनों और श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के भी संकेत दिए गए है।

### बी-61 ब्रिज बना प्रशासनिक निरीक्षण का रिकॉर्ड

रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज बी-61 ने देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब तक इस ब्रिज का कलेक्टर स्तर से लगभग 25 से अधिक बार मौका मुआयना किया जा चुका है। पूर्व कलेक्टर अजय शर्मा, चंद्रमोहन ठाकुर, बी. अनुग्रह, सोनिया मीणा, आशीष वशिष्ठ, महिपाल सिंह गुर्जर, तन्मय वशिष्ठ शर्मा सहित वर्तमान कलेक्टर हर्षल पंचोली लगातार निरीक्षण कर चुके हैं। जिससे यह कहना गलत नहीं होगा कि यह ब्रिज राष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा निरीक्षण किए जाने का कीर्तिमान स्थापित कर चुका है।

### एसडीएम को मिली रोज़ाना मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी

कलेक्टर ने एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी को निर्देश दिए कि वे प्रतिदिन ब्रिज निर्माण की प्रगति का निरीक्षण करें और नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। सतत मॉनिटरिंग से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कार्य समय-सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण हो रहा है या नहीं। वही सेतु निगम और रेलवे विभाग के बीच बेहतर समन्वय पर भी जोर दिया गया है।

### मंत्री और वरिष्ठ अधिकारियों की भी रही खास नजर

इस निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण मध्यप्रदेश शासन के कई मंत्रियों द्वारा भी किया जा चुका है। तत्कालीन मंत्री संजय पाठक, बिसाहूलाल सिंह, दिलीप अहिरवार और दिलीप जायसवाल ने मौके पर पहुंचकर कार्यों की समीक्षा की है। इनका निरीक्षण यह दर्शाता है कि यह परियोजना केवल जिले ही नहीं, बल्कि प्रदेश स्तर पर भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

### गिनीज बुक में दर्ज होने की उठी मांग

वरिष्ठ नागरिक जीवेन्द्र सिंह ने इस अद्वितीय प्रशासनिक निगरानी को देखते हुए रेलवे से पत्राचार कर ब्रिज बी-61 को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्र्स में शामिल कराने की मांग उठाई है। यदि यह उपलब्धि दर्ज होती है, तो यह अनूपपुर, रेलवे और मध्यप्रदेश सेतु निगम के लिए देशभर में गौरव का विषय होगा, यह तर्क देते हुए पत्राचार किया गया है जिससे देश और विदेश में यह ब्रिज और अनूपपुर जिले का नाम रोशन हो सके।

## खबर संक्षेप



### जिले के अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण कराएं-कलेक्टर

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में विभिन्न निर्माण विभागों की कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के समस्त अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत पीवीटीजी ग्रामों में संचालित निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने एवं प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वर्क मैनेजमेंट पोर्टल के माध्यम से लोक निर्माण विभाग (भवन), ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, मध्यप्रदेश सड़क विकास प्राधिकरण, जनजातीय कार्य विभाग, जल संसाधन विभाग, सर्व शिक्षा अभियान, विद्युत विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अप्रारंभ एवं अपूर्ण कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सभी कार्यों को निर्धारित मापदंडों के अनुरूप समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फुनगा बाईपास मार्ग पर वन विभाग द्वारा निर्मित अवरोध एवं प्रवेश पोर्टल के संबंध में वन विभाग से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। साथ ही प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत नवीन सड़कों के कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम लांघाटोला में अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत निर्माणाधीन विद्यालयों में अंडरग्राउंड विद्युत लाइन फिटिंग कराने तथा जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत कार्यों की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अन्य विभागों के प्रगतिरत कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी सहित जिले के विभिन्न निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### 12वीं बोर्ड के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 5 हजार 979 परीक्षार्थी हुए शामिल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हायर सेकेण्डरी के अंग्रेजी विषय की परीक्षा में दर्ज 6 हजार 126 परीक्षार्थियों के विरुद्ध 5 हजार 979 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 147 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा के लिए जिले में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। नकल प्रकरण की संख्या निरंक रही। उक्ताशय की जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी अनूपपुर ने दी है।

### कलेक्टर ने जनसुनवाई में 70 आवेदकों की सुनी समस्याएं



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में संपन्न हुई। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 70 आवेदनों पर जनसुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई के दौरान तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम करौंदी निवासी राजेन्द्र महरा ने नक्शा तरमीम संबंधी, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम पकरीपानी निवासी श्रीमती किंदा बाई ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम बरबसपुर निवासी भागन प्रसाद महरा ने सीमांकन कराए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम बदरा निवासी दानी चौधरी ने बीपीएल कार्ड बनाए जाने, तहसील अनूपपुर के ग्राम बरबसपुर निवासी जयप्रताप ने विद्युत मीटर लगवाए जाने, तहसील अनूपपुर के सामतपुर निवासी जगदीश प्रजापति ने भूमि का बंटवारा कराए जाने, बिजुरी निवासी दिव्यांग शिवकुमार पनिका ने मोटराईज्ड ट्राईसाईकल दिलाए जाने के संबंध में, तहसील अनूपपुर के ग्राम सेंदुरी निवासी हजारी लाल कोल ने नामांतरण संबंधी, तहसील अनूपपुर के ग्राम बरबसपुर निवासी दुआसिया कोल ने वनाधिकार पट्टा दिलाए जाने, तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम हर्राटोला बरसोत निवासी सुश्री जयंती मरावी ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का लाभ दिलाए जाने के संबंध में आवेदन दिए।

# केंद्रीय बजट आते ही गुटखा/तंबाखू की कालाबाजारी तेज, अनूपपुर में बढ़े दाम

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



केंद्रीय बजट आते ही अनूपपुर जिले में गुटखा और तंबाखू से बने उत्पादों की कालाबाजारी अचानक तेज हो गई है। स्थिति यह है कि कई ब्रांड या तो बाजार से गायब हो गए हैं या फिर प्रिंट रेट से कहीं अधिक कीमत पर बेचे जा रहे हैं। कोतमा, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में केंद्रीय बजट की घोषणा होते ही गुटखा और तंबाखू उत्पादों को लेकर व्यापारियों की मनमानी सामने आने लगी है। अभी मध्यप्रदेश का बजट पास भी नहीं हुआ है लेकिन इसके बावजूद कई बड़े व्यापारी संभावित टैक्स बढ़ोतरी का हवाला देकर माल का स्टॉक जमा कर रहे हैं और ऊंचे दामों पर बिक्री कर रहे हैं। कोतमा, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में स्थिति यह है कि सामान्य उपभोक्ता को न तो तय रेट पर गुटखा मिल पा रहा है और न ही हर दुकान पर यह उपलब्ध है। कई दुकानदारों ने माल "खत्म" होने की बात कहकर बिक्री बंद कर दी है, जबकि अंदरखाने अधिक दाम पर चुनिंदा ग्राहकों को सप्लाई की जा रही है। इस कालाबाजारी का सीधा असर आम जनता की जेब पर पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि बिना किसी सरकारी आदेश या बजट पास हुए ही इस तरह की महंगाई और जमाखोरी प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल खड़े करती है।

केंद्रीय बजट आते ही तंबाखू और गुटखा उत्पादों की जमाखोरी शुरू हो चुकी है। व्यापारी टैक्स बढ़ने की आशंका बताकर स्टॉक रोक रहे हैं। इससे बाजार में कृत्रिम कमी पैदा की जा रही है और दाम अपने आप बढ़ते जा रहे हैं जिले के कई इलाकों में गुटखा और तंबाखू उत्पाद प्रिंट रेट से 5 से 20 रुपये तक महंगे बेचे जा रहे हैं। कई ब्रांड्स तो खुलेआम ओवररेट पर बिक रहे हैं। मजबूरी में उपभोक्ताओं को महंगे दाम चुकाने पड़ रहे हैं या फिर बिना सामान के लौटना पड़ रहा है। वही स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोतमा, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ में बड़े व्यापारी ही इस कालाबाजारी के पीछे हैं। छोटे दुकानदारों को सीमित सप्लाई दी जा रही है, जबकि गोदामों में भारी मात्रा में स्टॉक छिपाकर रखा गया है। हैरानी की बात यह है कि अभी मध्यप्रदेश सरकार का बजट तक पारित नहीं हुआ है, इसके बावजूद बाजार में महंगाई थोप दी गई है। इससे साफ है कि बजट को बहाना बनाकर पहले से ही मुनाफाखोरी की जा रही है। अब तक प्रशासन या खाद्य एवं औषधि विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। इसी वजह से कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। आम जनता ने मांग की है कि जल्द से जल्द छापेमारी कर जमाखोरों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि इस मनमानी पर रोक लगे।

## स्वच्छता साथी वॉस ऑन व्हील सेवा से अनूपपुर जिले के ग्रामीण स्वच्छता को मिली गति

### वॉस ऑन व्हील सेवा मे अनूपपुर जिला प्रदेश के टॉप 10 जिलों में शामिल

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत मांग एवं पूर्ति के सिद्धांत पर स्वच्छता साथी "वॉस आनॅ व्हील" सेवा प्रारंभ की गई है जिसके अंतर्गत ग्रामीण नागरिक अपने घरेलू तथा संस्थागत शौचालय की साफ सफाई हेतु मांग दर्ज कर संबंधित ग्राम से संलग्न स्वच्छता साथी से सफाई कार्य में सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं। जिले में कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी के दिशा निर्देशन में जिले के ग्रामों की मैपिंग करते हुए 25 क्लस्टर में स्वच्छता साथी की सेवाएं आधुनिक स्वच्छता टूलकिट एवं पीपीई किट के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने का कार्य तत्परता से किया जा रहा है। अल्प समय में ही स्वच्छता साथियों के प्रयासों से वॉश ऑन व्हील सेवा कार्य में अनूपपुर जिला प्रदेश के टॉप 10 जिलों में शामिल हो गया है। जिले में अब तक ग्रामीणों के द्वारा 1661 घरेलू तथा संस्थागत शौचालय की साफ सफाई कर स्वच्छता साथियों द्वारा 1लाख 40हजार रूपये की आय अर्जित की गई है। उल्लेखनीय है की वॉश ऑन व्हील सेवा के माध्यम से शौचालय की सफाई हेतु मांग करने पर मांग कर्ता द्वारा स्वच्छता साथी को घरेलू शौचालय के लिए 50 प्रति शौचालय जबकि संस्थागत सामुदायिक शौचालय के लिए 200 प्रति संस्था दर निर्धारित की गई है। विदित हो कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जिले के ग्रामों को ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस बनाए जाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक संख्या में घरेलू शौचालय संस्था का शौचालय तथा आवश्यकता अनुसार सामुदायिक स्वच्छता परिसरो का निर्माण किया गया है खुले में शौच से मुक्ति (ओडीएफ) के स्थायित्व हेतु ग्रामों में निर्मित सभी प्रकार के शौचायलयों को साफ सुथरे शौचालय न केवल स्वच्छता के मानकों के अनुरूप होते हैं बल्कि उनकी निरंतर उपयोगिता तथा स्वच्छता भी सुनिश्चित किया जाना है जिसके तहत वॉस आनॅ व्हील स्वच्छता साथी ग्रामीण योजना लाभकारी सिद्ध हो रही है। वॉश ऑन व्हील स्वच्छता साथी सेवा के प्रभावी संचालन हेतु मोबाइल एप स्वच्छता साथी वॉस आनॅ व्हील विकसित किया गया है जिसे मध्य प्रदेश के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लोकार्पित किया गया इसके साथ ही इस सेवा को पूरे प्रदेश में लागू किया गया इसके तहत इस सेवा को प्रभावशाली बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता के तहत यह सेवा जिले में प्रारंभ की गई है।

# अमरकंटक डाकघर में होलीडे होम्स का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक के डाकघर के अतिरिक्त के अतिरिक्त भवन का आवश्यक मरम्मत सुधार के बाद होलीडे होम संचालित हो गया है लंबे अरसे से सुधार मरम्मत के अभाव में कर्मचारी इसका फायदा नहीं उठा पा रहे थे रुद्राक्ष आम तथा अन्य पौधे मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष तथा कर्मचारियों के द्वारा किया गया। डाकघर के भव्य शुभारंभ के अवसर पर पोस्ट मास्टर जनरल बृजेश कुमार के साथ ही



भवन में आज होलीडे होम्स का भव्य शुभारंभ किया गया जबलपुर के पोस्ट मास्टर जनरल बृजेश कुमार के मुख्य अतिथि में तथा शहडोल डाक अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह के अध्यक्षता में विधि विधान के साथ आयोजित हुआ अब डाक विभाग के कर्मचारी पर्यटन स्थल अमरकंटक में प्रवास के दौरान होलीडे होम्स में रख सकेंगे। उल्लेखनीय है कि डाकघर विभाग ने अतिरिक्त भवन का जीर्णोद्धार आवश्यक सुधार मरमत कराया और उसे होलीडे होम्स के रूप में परिवर्तित कर विधिवत शुभारंभ किया गया। होलीडे होम्स के शुभारंभ अवसर पर परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दृष्टि से पवित्र नगरी अमरकंटक के मौसम को ध्यान में रखते हुए 15 पौधों का वृक्षारोपण किया गया इसमें शहडोल के डाकघर अधीक्षक पुष्पेंद्र सिंह, उप संभागीय निरीक्षक पुष्पराजगढ़ राहुल आलम, अमरकंटक डाकघर के उप डाकपाल महेश सिंह परस्ते, डाक अधि दर्शक हरिशंकर सोनी, पोस्टमैन विनय द्विवेदी एवं ग्रामीण डाक सेवक रोहित कुमार एवं आयुष जैन तथा सुखीराम धुर्वे उपस्थित रहे।

## जब तक आवागमन नहीं तब तक विकास नहीं-बिसाहू लाल सिंह

# महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र का जैतहरी में लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज जैतहरी।

अनूपपुर जिले के नगर परिषद जैतहरी में मंगलवार को महर्षि कश्यप व्यापार केंद्र का लोकार्पण हो गया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व अनूपपुर विधायक बिसाहू लाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, ब्रजेश गौतम, रामदास पुरी, राधा राम वैश्य, नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार चौरसिया, जैतहरी नगर परिषद अध्यक्ष उमंग गुप्ता, जिला महामंत्री श्याम नारायण शुक्ला व सिद्धार्थ शिव सिंह भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजेश की उपस्थिति में यह गरिमामय कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### अतिथियों का स्वागत

नगर परिषद अध्यक्ष उमंग अनिल गुप्ता ने अतिथियों का शाल-श्रीफल से स्वागत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने जैतहरी के विकास कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, पहले फूटहा तालाब के नाम से जाना जाने वाला यह स्थान गंदगी का अंबार था। अब इसे सुसज्जित कर व्यापार केंद्र बनाया गया है, जहां 500 व्यापारियों को रोजगार मिलेगा। साप्ताहिक बाजार की कठिनाइयां अब दूर होंगी। गुप्ता ने स्मार्ट क्लास लाइब्रेरी, समरसता पथ, क्रिकेट बॉक्स, अध्यात्म पथ व गौरव पथ जैसे पूर्व कार्यों का भी उल्लेख किया।

### नगर परिषद के सराहनीय प्रयास

मुख्य अतिथि बिसाहू लाल सिंह ने कहा, नगर परिषद ने अध्यक्ष उमंग गुप्ता के नेतृत्व में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। किसी भी नगर के विकास के लिए आवागमन जरूरी है। हमने नदियों पर पुल बनाकर जैतहरी को जोड़ा, जिससे विकास गति पकड़ रहा है। जब तक आवागमन नहीं, तब तक विकास नहीं। उन्होंने नगर परिषद को शुभकामनाएं दीं।

### युवा सोच से आगे बढ़ रहा जैतहरी

भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा, बाजार की पुरानी परेशानियां अब खत्म। यह व्यापार केंद्र आकर्षण का केंद्र बनेगा। जैतहरी युवा सोच के साथ विकसित हो रहा है, जिसमें बिसाहू लाल सिंह का बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने भाग लिया।

## जिला पंचायत सीईओ ने बोर्ड परीक्षा केन्द्रो का किया आकस्मिक निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 12वीं (अंग्रेजी) के बोर्ड परीक्षा के अनूपपुर स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी द्वारा जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित परीक्षा केन्द्रो के केंद्राध्यक्ष उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान संबंधित केंद्राध्यक्ष से जिला पंचायत की सीईओ ने परीक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में कक्षा 12वीं अंग्रेजी विषय के दर्ज 117 में से 116 विद्यार्थी उपस्थित रहे एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहा इसी तरह शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर में कक्षा 12वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा में दर्ज 177 में से 176 विद्यार्थी उपस्थित रहे एक विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

!! राधे-राधे !! !! श्री गणेशाय नमः !! !! राधे-राधे !!
श्री गुजरात ग्रेनाईट एंड टाइल्स
ग्रेनाईट एवं टाईल्स के थोक एवं फुटकर विक्रेता
हमारे यहां सभी प्रकार के टाईल्स, ग्रेनाईट- सांड्य Z ब्लैक, सुपर ब्लैक, आर ब्लैक इत्यादि एवं सेनेट्री, कड़प्पा उचित दामों पर उपलब्ध है।
कोटा स्टोन कम दामों में उपलब्ध है
प्रो. देवेन्द्र सिंह जी 7742294629, 7440984719, 7737330239